बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 18/2024 से 21/2024 के अंतर्गत बिहार कृषि सेवा के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आयोजित दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार के दिन अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित शैक्षणिक योग्यता की पुनः जाँच कृषि विभाग, बिहार के ज्ञापांक– 3498 दिनांक– 22.08.2024 द्वारा प्रतिनियुक्त विभागीय विषय विशेषज्ञों द्वारा कराई गई। जाँचोपरान्त कतिपय अभ्यर्थियों को विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता से भिन्न होने के कारण Ineligible/Not Recommended की श्रेणी में रखा गया है, जिसकी सूची आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

उक्त अभ्यर्थियों को अपने अनर्हता पर यदि कोई आपत्ति हो तो, वे अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में अभ्यावेदन साक्ष्य/प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से सिर्फ आयोग के E-mail ID - bpscpat-bih@nic.in के माध्यम से दिनांक– 20.09.2024 तक आयोग कार्यालय को भेज सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन अविचारणीय होगा। उपर्युक्त अभ्यर्थियों के पात्रता के संबंध में संबंधित प्रमाण पत्र/कागजातों की विधिवत जाँच/सत्यापन के पश्चात् अंतिम निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना